2 फरीदाबाद
पारदर्शिता को बनी ऑनलाइन प्रणाली ही बन गई भ्रष्टाचार का हथियार

6 अभिमत
दिव्यांगों का कौशल व समावेशन

9 देश-विदेश
राहुल दूर-दूर तक भी कभी सावरकर नहीं बन सकते : केंद्रीय मंत्री

11 विविध
कालरात्रि : मां दुर्गा की सातवीं शक्ति की पावन कथा

RNI NO. HARHIN/2018/75109
फरीदाबाद, मंगलवार, 28 मार्च, 2023

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




मुंबई इंडियंस के सफल होने में अहम रहा महत्वपूर्ण मौकों पर दबदबा बनाना
पेज - 12

# कॉलेज में चल रहा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर



**शिविर में रैली को हरी झंडी दिखाते कॉलेज प्राचार्य डॉ. केके गुप्ता**

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय में गत 23 मार्च से चल रहे सात दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवे दिन की शुरूआत योग से की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता चाहते हैं कि शिविर की थीम भारतीय युवा: चरित्र, व्यक्तित्व एवम स्वाबलंबन को सार्थक बनाने के लिए सभी गतिविधियां की जाएं। स्वयंसेवकों के मध्य अंतर महाविद्यालय एकल गान व एकल नृत्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं जिनमें स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया व बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं। शिविर में स्वयंसेवकों के बीच कई खेलकूद प्रतियोगिताएं भी हुईं जिनका मुख्य लक्ष्य स्वयंसेवकों में बौद्धिक विकास के साथ साथ शारीरिक विकास करना है। नशामुक्ति विषय पर पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन व रैली का भी आयोजन किया गया ताकि समाज से नशा जैसी भयानक बुराई को भगाया जा सके।